भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †281
सोमवार, 5 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत तमिलनाडु को निधियों का आबंटन

†281. श्री ए. राजा:
श्री ए. गणेशमूर्ति:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य, विशेषकर कोयम्बटूर, इरोड और नीलगिरी के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

(ख) पर्यटन अवसंरचना में सुधार करने के लिए सतत और उत्तरदायी केन्द्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए राज्य के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत और अधिक निधियां आवंटित की जाएंगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन, तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) और पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसी को सहायता नामक अपनी योजनाओं के तहत तमिलनाडु सहित देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों आदि को निधियां प्रदान करता है । इन योजनाओं के तहत निधियों का आबंटन एक सतत् प्रक्रिया है, तथापि, इन योजनाओं के तहत तमिलनाडु में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण का अनुपालन करते हुए सतत और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के रूप में परिवर्तित किया है और संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के परामर्श से देश में 57 गंतव्यों को चिहिनत किया है । तदनुसार, पर्यटन मंत्रालय ने

एसडी2.0 के तहत विकास के लिए मामल्लापुरम और नीलगिरी को गंतव्यों के रूप में चिह्नित किया है ।

इसके अलावा, मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत, विकास के लिए 'तमिलनाडु में 8 स्थलों पर नवगृह मंदिर' को चिह्नित किया है ।

*****

अनुबंध

श्री ए. राजा, एवं श्री ए. गणेशमूर्ति द्वारा स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत तमिलनाडु को निधियों का आबंटन के संबंध में दिनांक 05.02.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †281 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन, प्रशाद और पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसी को सहायता नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई/ उपयोग के लिए अधिकृत राशि**	**भौतिक स्थिति**
स्वदेश दर्शन					
1.	2016-17	(चेन्नई- माम्मल्लापुरम - रामेश्वरम - मनपदु - कन्याकुमारी) का विकास	73.13	71.03	पूर्ण
प्रशाद					
2.	2016-17	कांचीपुरम का विकास	13.99	13.99	पूर्ण
3.	2016-17	वेलंकन्नी का विकास	4.86	4.86	पूर्ण
पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसी को सहायता					
4.	2012-13	चेन्नई पोर्ट पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र	17.25	17.25	पूर्ण

*****